
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

22 नवंबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

कभी भी हार मत मानो बल्कि कोशिश और संघर्ष

करते रहो यही जिद हार को जीत में बदल देगी ।

महेन्द्र सिंह धोनी





राकेश कुमार

# दिवस विशेष

22 नवंबर

मधु प्रिया

## रुखमाबाई का जन्म 22 नवम्बर



रुखमाबाई का जन्म 22 नवम्बर 1864 को हुआ था। जब वह केवल ग्यारह वर्ष की थीं तभी उनकी उन्नीस वर्षीय दुल्हे दादाजी भिकाजी से उनका विवाह कर दिय गया था। वह हालांकि अपनी विधवा माता जयंतीबाई के घर में रहती रही, जिन्होंने तब सहायक सर्जन सखाराम अर्जुन से विवाह किया। जब दादाजी और उनके परिवार ने रूखमाबाई को अपने घर जाने के लिए कहा, तो उन्होंने इनकार कर दिया और उनके सौतेले-पिता ने उसके इस निर्णय का समर्थन किया। इसने 1884 से अदालत के मामलों की एक लंबी श्रृंखला चली, बाल विवाह और महिलाओं के अधिकारों पर एक बड़ी सार्वजनिक चर्चा हुई। रूखमाबाई ने इस दौरान अपनी पढ़ाई जारी रखी और एक हिंदू महिला के नाम पर एक अख़बार को पत्र लिखे। उसके इस मामले में कई लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ और जब उस ने अपनी डाक्टरी की पढ़ाई की इच्छा व्यक्त की तो लंदन स्कूल ऑफ़ मेडिसन में भेजने और पढ़ाई के लिए एक फंड तैयार किया गया। उसने स्नातक की उपाधि प्राप्त की और भारत की पहली महिला डॉक्टरों में से एक (आनंदीबाई जोशी के बाद) बनकर 1895 में भारत लौटी, और सूरत में एक महिला अस्पताल में काम करने लगी। आज के युग में अगर महिलाएं अपने अधिकारों का इस्तेमाल सही ढंग से कर पा रही हैं तो ये डा. रुखमाबाई राउत की देन हैं। डा. रुखमाबाई राउत भारत की पहली स्त्री थी जिन्होंने अपनी चिकित्सा से कई लोगों को दूसरा जीवन दिया है।जिसके बाद दादाजी ने शादी को भंग करने के लिए एक मुद्रा के रूप में मौद्रिक मुआवजा स्वीकार करके समझौता कर लिया। जिसकी वजह से रूखमाबाई को जेल जाने से बचा लिया गया।जिसके बाद रूखमाबाई ने मेडिकल जगत में अपना 35 साल का सफल योगदान दिया। इतना ही नहीं रूखमाबाई ने बाल विवाह के खिलाफ भी बहुत कुछ लिखते हुए समाज सुधार का काम भी किया। रुखमाबाई एक सक्रिय सामाज सुधारक थीं। उनकी मौत 25 सितंबर, 1991 में 91 वर्ष की आयु में हुई।

# जयंती विशेष 22 नवंबर




**झलकारी बाई** (22 नवंबर 1830 - 4 अप्रैल 1857) झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की नियमित सेना में, महिला शाखा दुर्गा दल की सेनापति थीं। वे लक्ष्मीबाई की हमशक्ल भी थीं इस कारण शत्रु को गुमराह करने के लिए वे रानी के वेश में भी युद्ध करती थीं। अपने अंतिम समय में भी वे रानी के वेश में युद्ध करते हुए वे अंग्रेज़ों के हाथों पकड़ी गयीं और रानी को किले से भाग निकलने का अवसर मिल गया।



राकेश कुमार

# MATH TLM

94 Class-6to8

## वृत (Circle)

### त्रिज्या ( Radius)

वृत की त्रिज्या $= \dfrac{\text{परिधि}}{2\pi}$




जैसे:- एक वृत्त की त्रिज्या निकालें जिसकी परिधि 176 सेंटीमीटर हो।

हल:- वृत्त की त्रिज्या $= \dfrac{\text{परिधि}}{2\pi}$

$= \dfrac{176 \times 7}{2 \times 22}$ =28 सेमी.

Anu Priya, Science Teacher

TOB

खेल कॉर्नर





# ICC वनडे बैटर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर्स | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | डेरिल मिचेल | न्यूजीलैंड | 782 |
| 2 | रोहित शर्मा | भारत | 781 |
| 3 | इब्राहिम जादरान | अफगानिस्तान | 764 |
| 4 | शुभमन गिल | भारत | 745 |
| 5 | विराट कोहली | भारत | 725 |
| 6 | बाबर आजम | पाकिस्तान | 722 |
| 7 | हैरी टेक्टर | आयरलैंड | 708 |
| 8 | श्रेयस अय्यर | भारत | 700 |
| 9 | चरिथ असलंका | श्रीलंका | 690 |
| 10 | शाई होप | वेस्टइंडीज | 689 |


unicef

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माह: November 2025

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक **01.11.2025** | भगदड़ संबधी जोखिम एवं बचाव के संदर्भ में जानकारी ( प्राथमिक उपचार, सी.पी. आर. )  |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक **08.11.2025** | डूबने से बचाव एवं नाव दुर्घटना के संदर्भ में जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक **15.11.2025** | भूंकप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी ( मॉकड्रिल )   |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक **22.11.2025** | शीतलहर से खतरे एवं इससे बचाव के उपाय के बारे में जानकारी  |

**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

## बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **22.11.2025**

## रचनात्मक मूल्यांकन

रचनात्मक मूल्यांकन **(Formative Assessment)** एक प्रकार का मूल्यांकन है जो शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया के दौरान, और अक्सर निरंतर आधार पर किया जाता है, ताकि चल रही सीखने की प्रगति की निगरानी की जा सके और अनुदेशन **(instruction)** को बेहतर बनाया जा सके। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को सीखने में मदद करना और शिक्षकों को अपनी शिक्षण विधियों को समायोजित करने के लिए प्रतिक्रिया **(feedback)** प्रदान करना है।

## रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**हिंदुस्तान टाइम्स** ने इतिहास में पहली बार अपने अख़बार का नाम बदलकर **रजनीकांत टाइम्स** कर दिया। रजनीकांत के **सिनेमा जगत** में 50 साल होने के अवसर पर उन्हें ऐसे **सम्मानित** किया गया है।

# पद्य पंकज

"

पी कर जिनकी लाल शिखाएँ
उगल रही है सौ लपट दिशाएं
जिनके सिंहनाद से सहमी
धरती रही अभी तक डोल
कलम,आज उनकी जय बोल।

रामधारी सिंह दिनकर

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# जयंती पर कोटि-कोटि नमन।



भारत की प्रथम
महिला चिकित्सक

# रुखमाबाई राउत

22 नवंबर 1864-25 सितंबर 1955

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# जयंती पर कोटि-कोटि नमन



रानी लक्ष्मीबाई की नियमित सेना में, महिला शाखा दुर्गा दल की सेनापति

# झलकारी बाई

22 नवंबर 1830 - 4 अप्रैल 1857

www.teachersofbihar.org

Madhu priya